UNIVERSITY NEWS 05 MAY 2026

AAJ

लखनऊ विश्वविद्यालय के 5 छात्र-छात्राओं का जारो एजुकेशन में चयन

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय के द्वितीय परिसर स्थित ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट सेल द्वारा आयोजित प्लेसमेंट ड्राइव में बीटेक एवं एमबीए 2026 बैच के 5 मेधावी छात्र-छात्राओं का चयन जारो एजुकेशन कंपनी में हुआ है। इस उपलब्धि पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. जे पी सैनी एवं द्वितीय परिसर के ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट सेल के चेयरमैन प्रो एसपी सिंह ने चयनित विद्यार्थियों को हार्दिक बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। प्लेसमेंट सेल के इंचार्ज डॉ हिमांशु पाण्डेय ने जानकारी देते हुए बताया कि चयन प्रक्रिया में प्री.प्लेसमेंट टॉक, ग्रुप डिस्कशन, एचआर एवं पर्सनल इंटरव्यू एचआर हेड एवं बिज़नेस हेड जैसे विभिन्न चरण शामिल थे, जिनमें छात्रों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर सफलता प्राप्त की।

AMRIT VICHAR

जागरूकता से कैंसर पर नियंत्रण संभव

अमृत विचार, लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय के वनस्पति विज्ञान विभाग में सोमवार को मिशन शक्ति चरण-पांच के तहत सर्वाइकल कैंसर पर विशेष व्याख्यान आयोजित किया गया। प्रसूति एवं स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. सारिका अग्रवाल ने रोग के लक्षण, समय पर जांच और बचाव के उपायों पर विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि प्रारंभिक पहचान से इस बीमारी का सफल उपचार संभव है। कार्यक्रम में विभागाध्यक्ष प्रो. गौरी सक्सेना, मिशन शक्ति की नोडल अधिकारी डॉ. मानिनी श्रीवास्तव, डॉ. आदित्य आभा सिंह सहित शिक्षक, शोधार्थी व छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

SWANTRA BHARAT

लविवि के 5 छात्र-छात्राओं का चयन

स्वतंत्र भारत संवाददाता,लखनऊ। विश्वविद्यालय के द्वितीय परिसर स्थित ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट सेल द्वारा आयोजित प्लेसमेंट ड्राइव में बीटेक एवं एमबीए 2026 बैच के 5 मेधावी छात्र-छात्राओं का चयन जारो एजुकेशन कंपनी में हुआ है। इस दौरान विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. जेपी सैनी एवं द्वितीय परिसर के ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट सेल के चेयरमैन प्रो. एसपी सिंह ने चयनित विद्यार्थियों को हार्दिक बधाई दी। प्लेसमेंट सेल के इंचार्ज डॉ. हिमांशु पाण्डेय ने बताया कि चयन प्रक्रिया में प्री-प्लेसमेंट टॉक, ग्रुप डिस्कशन, एचआर एवं पर्सनल इंटरव्यू (एचआर हेड एवं बिज़नेस हेड) जैसे विभिन्न चरण शामिल थे, जिनमें छात्रों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर सफलता प्राप्त की। चयनित विद्यार्थियों में बी.टेक (कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग) के छात्र मोहम्मद साकिब का चयन ग्रेजुएट ट्रेनी पद पर तथा एमबीए के छात्र-छात्राओं साक्षी वर्मा, राशी श्रीवास्तव, प्रदीप यादव एवं तनुश्री इसरानी का चयन मैनेजमेंट ट्रेनी पद पर हुआ है। कंपनी द्वारा चयनित छात्रों को 13.36 लाख रुपये वार्षिक (सीटीसी) का पैकेज प्रदान किया जाएगा।

तकनीकी नवाचार को मिलेगा नया आयाम

स्वतंत्र भारत संवाददाता, लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय के द्वितीय परिसर स्थित अभियांत्रिकी एवं तकनीकी संकाय ने तकनीकी नवाचार और वैश्विक संपर्क की दिशा में एक बड़ा कदम बढ़ाया है। विश्वविद्यालय में आधिकारिक तौर पर विश्व की प्रतिष्ठित संस्था आईईईई (इंस्टीट्यूट आफ इलेक्ट्रिकल एंड इजीनियर्स) के स्टूडेंट ब्रांच की स्थापना की गई है। इस स्टूडेंट ब्रांच के काउंसलर डॉ मनोज कुमार जैन एवं डॉ. गौरव गुप्ता ने बताया कि इस ब्रांच का मुख्य उद्देश्य छात्रों को नवीनतम तकनीकी अनुसंधान, अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलनों और वैश्विक नेटवर्किंग के अवसर प्रदान करना है। डॉ. जैन ने कहा कि इस ब्रांच से छात्रों को होने वाले लाभ तकनीकी संसाधन, छात्रों को आईईईई की डिजिटल लाइब्रेरी और शोध पत्रों तक पहुंच मिलेगी। वर्कशॉप और सेमिनार राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय विशेषज्ञों द्वारा समय-समय पर प्रशिक्षण सत्र आयोजित किए जाएंगे। इसके अलावा दुनिया भर के प्रोफेशनल और छात्र समुदाय से जुड़ने का मौका मिलेगा, जो करियर और प्लेसमेंट में सहायक होगा।इस अवसर पर प्रोफेसर सत्येंद्र पाल सिंह संकायाध्यक्ष ने कहा कि आईईईई स्टूडेंट ब्रांच की स्थापना हमारे छात्रों के लिए एक मील का पत्थर साबित होगी। इसके माध्यम से छात्रों को न केवल तकनीकी कौशल निखारने का मंच मिलेगा, बल्कि वे दुनिया भर के वैज्ञानिकों और इंजीनियरों के साथ सीधे संवाद कर सकेंगे।

NBT

शिक्षकों को पीएचडी में बिना कॉम्पिटिशन दाखिला

Zeeshan.Rayini
@timesofindia.com

लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय (एलयू) ने अपने संबद्ध डिग्री कॉलेजों के स्थायी शिक्षकों को पीएचडी करवाने के लिए अब बिना कंपटीशन का रास्ता तैयार किया है। अब इन शिक्षकों को विभाग की नियमित विज्ञापित सीटों के बजाय 'सुपर न्यूमेरिक' सीटों पर सीधा प्रवेश दिया जाएगा, जिससे सामान्य अभ्यर्थियों की सीटों पर कोई आंच नहीं आएगी। न ही शिक्षकों को सामान्य सीटों पर अभ्यर्थियों से मुकाबला करना पड़ेगा।

विश्वविद्यालय के इस नए नियम के तहत हर विभाग में कुल सीटों में 10% सीटों तक पर कॉलेजों के शिक्षकों को दाखिला दिया जा सकेगा। इसके अलावा पीएचडी के अन्य नियमों में भी अब कॉलेजों के शिक्षकों को राहत दी गई है। एलयू और इसके संबद्ध या सहायता प्राप्त कॉलेजों के स्थायी शिक्षकों को पूर्णकालिक पीएचडी करवाने के लिए विवि ने यह बदलाव किए हैं। नए पीएचडी ऑर्डिनेंस में अब इसका प्रावधान किया गया है। हर विभाग में कम से कम एक ऐसी सीट का प्रावधान अनिवार्य किया गया है जिस पर शिक्षकों को शोध का अवसर मिल सके। पीएचडी करने वाले इन स्थायी शिक्षकों को उनके मूल संस्थानों से निरंतर वेतन प्राप्त करने की भी अनुमति होगी। इससे उन्हें पीएचडी के दौरान छुट्टी लेने की भी जरूरत नहीं पड़ेगी। विश्वविद्यालय के इस कदम से उच्च शिक्षा में गुणवत्ता सुधारने और कॉलेजों में पढ़ा रहे शिक्षकों को अकादमिक रूप से और अधिक सशक्त बनाने में मदद मिलेगी।

विज्ञापित सीटों के इतर सुपर न्यूमेरिट कोटे से मिलेगा दाखिला

कोर्स वर्क में सबसे बड़ी राहत

पीएचडी में दाखिले के बाद हर किसी के लिए छह महीने का कोर्स वर्क अनिवार्य किया गया है। यूजीसी के मुताबिक पीएचडी में इससे छूट नहीं दी जा सकती। विवि ने शिक्षकों को इसमें भी विशेष लचीलापन अपनाते हुए उन्हें तीन विकल्प दिए हैं। शिक्षक नियमित कक्षाओं में शामिल होकर कोर्स वर्क कर सकते हैं। इसके अलावा विभाग की अनुमति से ऑनलाइन मोड का विकल्प चुन सकते हैं। इसके अतिरिक्त वे 12 क्रेडिट के शोध संबंधी पाठ्यक्रम मैसिव ओपन ऑनलाइन कोर्सेज के माध्यम से भी पूरा कर सकते हैं। क्लास में आने को छोड़कर बाकी दोनों विकल्प में उन्हें विवि में आने की जरूरत नहीं है। दाखिला होने के बाद शिक्षक बिना कैंपस आए पीएचडी कर सकेंगे।

विवि का तर्क: विवि के प्रवक्ता मुकुल श्रीवास्तव का कहना है कि कॉलेजों के शिक्षकों को पुराने नियम के तहत पीएचडी के लिए छुट्टी लेनी पड़ती थी। इससे वर्क फोर्स का नुकसान होता था। कई शिक्षक इसलिए पीएचडी नहीं करते थे। बिना क्लास के नुकसान के शिक्षकों की पीएचडी हो सके इसलिए नियम शिथिल किए गए हैं। बाकी शोध में शिक्षकों पर भी समान नियम लागू होंगे।

AMAR UJALA

परीक्षाओं का संशोधित कार्यक्रम जारी

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय के कला संकाय स्थित भूगोल विभाग ने बीए और एमए भूगोल की प्रायोगिक परीक्षाओं का संशोधित कार्यक्रम जारी किया है। परीक्षाएं मई में अटल बिहारी वाजपेयी ब्लॉक में होंगी। विभागाध्यक्ष प्रो. दुर्गेश कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि बीए भूगोल के छठे सेमेस्टर की प्रायोगिक परीक्षा नौ मई को सुबह की पाली में होगी। इसी दिन माइनर प्रोजेक्ट का मूल्यांकन भी किया जाएगा। बीए दूसरे सेमेस्टर की परीक्षा 11 मई और चौथे सेमेस्टर की परीक्षा 12 मई को निर्धारित है। एमए भूगोल दूसरे सेमेस्टर की प्रायोगिक परीक्षा 13 मई को सुबह की पाली में होगी। चौथे सेमेस्टर के विद्यार्थियों की मास्टर थीसिस का मूल्यांकन उसी दिन किया जाएगा। (माई सिटी रिपोर्टर)

लविवि के पांच मेधावियों का 13.36 लाख के सालाना पैकेज पर चयन

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय के द्वितीय परिसर स्थित ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट सेल की ओर से आयोजित प्लेसमेंट ड्राइव में बीटेक और एमबीए 2026 बैच के पांच छात्र-छात्राओं का चयन जारो एजुकेशन में हुआ है। चयनितों में बीटेक के मो. साकिब को ग्रेजुएट ट्रेनी पद मिला है। एमबीए की साक्षी वर्मा, राशी श्रीवास्तव, तनुश्री इसरानी के अलावा प्रदीप यादव को मैनेजमेंट ट्रेनी पद पर नियुक्ति मिली है। सभी को 13.36 लाख रुपये वार्षिक पैकेज दिया जाएगा। प्लेसमेंट सेल के इंचार्ज डॉ. हिमांशु पांडेय ने बताया कि चयन प्रक्रिया कई चरणों में पूरी हुई। इसमें प्री-प्लेसमेंट टॉक, ग्रुप डिस्कशन, एचआर और पर्सनल इंटरव्यू शामिल रहे। कुलपति प्रो. जेपी. सैनी और ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट सेल के चेयरमैन प्रो. एसपी. सिंह ने चयनित विद्यार्थियों को बधाई दी। (माई सिटी रिपोर्टर)

DAINIK JAGRAN

लवि : द्वितीय परिसर में विद्यार्थियों के पास वैश्विक संपर्क बढ़ाने का मौका

- खुली आइईईई की स्टूडेंट ब्रांच, तकनीकी अनुसंधान को मिलेगा बढ़ावा
- अब छात्रों की डिजिटल लाइब्रेरी और शोध पत्रों तक पहुंच होगी आसान

जागरण संवाददाता • लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय (लवि) के द्वितीय परिसर में अभियांत्रिकी एवं तकनीकी संकाय ने तकनीकी नवाचार और वैश्विक संपर्क की दिशा में एक बड़ा कदम बढ़ाया है। विश्वविद्यालय में आधिकारिक तौर पर विश्व की प्रतिष्ठित संस्था इंस्टीट्यूट आफ इलेक्ट्रिकल एंड इलेक्ट्रानिक्स इंजीनियर्स (आइईईई) के स्टूडेंट ब्रांच की स्थापना की गई है। इस स्टूडेंट ब्रांच में छात्रों को नवीनतम तकनीकी अनुसंधान की जानकारी के साथ अंतरराष्ट्रीय सम्मेलनों और वैश्विक नेटवर्किंग के अवसर प्रदान किए जाएंगे।

स्टूडेंट ब्रांच के काउंसलर डा. मनोज कुमार जैन एवं डा. गौरव गुप्ता ने बताया कि इस ब्रांच से विद्यार्थियों को तकनीकी संसाधन मिलेंगे। आइईईई की डिजिटल लाइब्रेरी और शोध पत्रों तक छात्रों की पहुंच होगी। राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय विशेषज्ञ समय-समय पर प्रशिक्षण सत्र आयोजित करेंगे। दुनियाभर के प्रोफेशनल और छात्र समुदाय से जुड़ने का मौका मिलेगा, जो करियर और प्लेसमेंट में सहायक होगा। संकायाध्यक्ष प्रो. सत्येंद्र पाल सिंह ने कहा कि स्टूडेंट ब्रांच की स्थापना हमारे विद्यार्थियों के लिए मील का पत्थर साबित होगी। इसके माध्यम से छात्रों को न केवल तकनीकी कौशल निखारने का मंच मिलेगा, बल्कि वे दुनियाभर के वैज्ञानिकों और इंजीनियरों के साथ सीधे संवाद कर सकेंगे। लखनऊ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. जे.पी. सैनी ने डा. मनोज कुमार व उनकी टीम को भविष्य के कार्यक्रमों के लिए शुभकामनाएं दीं।

लवि के पांच विद्यार्थियों का 13.36 लाख के पैकेज पर चयन

लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय (लवि) के द्वितीय परिसर स्थित ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट सेल द्वारा आयोजित प्लेसमेंट ड्राइव में बी.टेक एवं एमबीए 2026 बैच के पांच मेधावी छात्र-छात्राओं का चयन जारो एजुकेशन कंपनी में हुआ है। प्लेसमेंट सेल के प्रभारी डा. हिमांशु पांडेय ने बताया कि विद्यार्थियों में बी.टेक (कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग) के छात्र मोहम्मद साकिब का चयन ग्रेजुएट ट्रेनी, एमबीए के विद्यार्थियों साक्षी वर्मा, राशी श्रीवास्तव, प्रदीप यादव व तनुश्री इसरानी का चयन मैनेजमेंट ट्रेनी पद पर हुआ है। कंपनी द्वारा चयनित विद्यार्थियों को 13.36 लाख रुपये वार्षिक (सीटीसी) का पैकेज प्रदान किया जाएगा। वि.

HINDUSTAN

दुनिया के प्रोफेशनल, समुदायों से जुड़ेंगे एलयू छात्र

लखनऊ। एलयू के अभियांत्रिकी एवं तकनीकी संकाय में आईईईई के स्टूडेंट ब्रांच का शुभारंभ किया गया। स्टूडेंट ब्रांच के काउंसलर डॉ. मनोज कुमार जैन और डॉ. गौरव गुप्ता ने बताया कि इसके माध्यम से छात्रों को नवीनतम शोध, अंतरराष्ट्रीय सम्मेलनों के अवसर मिलेंगे। वहीं एलयू के के द्वितीय परिसर स्थित ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट सेल द्वारा आयोजित प्लेसमेंट ड्राइव में बीटेक और एमबीए के पांच छात्र-छात्राओं का चयन जारो एजुकेशन में हुआ है।